# मकान का गिरा छज्जा, मासूम बचे बाल-बाल

**खास बातें**
- व्यस्त गली में टला बड़ा हादसा
- इलाके में मची अफरा-तफरी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 5 जनवरी, वार्ड नंबर 13 स्थित चक्र स्वरूप नगर की गली में दोपहर उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया.जब एक मकान का छज्जा अचानक भरभराकर नीचे सड़क पर आ गिरा. संयोगवश ठीक उसी स्थान से कुछ ही क्षण पहले तीन छोटे-छोटे बच्चे गुजर चुके थे. बच्चों के निकलते ही पलभर में छज्जा जमीन पर गिर गया, जिससे वे उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए.**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना दोपहर 1 बजे के समय हुई, जब गली में आमतौर पर काफी चहल-पहल रहती है. इस गली में बच्चे दिनभर खेलते रहते हैं और आवागमन भी अत्यधिक रहता है.गली में खाटू श्याम मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर और देवी मंदिर स्थित होने के कारण श्रद्धालुओं का लगातार आना-जाना लगा रहता है. ऐसे में इस व्यस्त मार्ग पर छज्जा गिरना एक बड़े खतरे का संकेत माना जा रहा है.स्थानीय लोगों ने बताया कि जैसे ही तेज आवाज के साथ छज्जा नीचे गिरा. पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई.आसपास के घरों से लोग बाहर निकल आए और जहां से आवाज आई थी उस ओर दौड़े. सड़क पर गरीब मलवे को देखकर जब यह स्पष्ट हुआ कि चपेट में कोई नहीं आया है तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली. मोहल्लेवासियों का कहना है कि यदि छज्जा कुछ सेकंड पहले गिर जाता तो एक अत्यंत दर्दनाक हादसा घटित हो सकता था.इसे सभी ने ईश्वरी कृपा बताया.

### जर्जर मकानों की हो जांच, स्थानीय लोगों ने की मांग

जानकारी के अनुसार घटना के समय मकान मालिक परिवार सहित घर से बाहर थे, जबकि किराएदार मकान में मौजूद थे. सौभाग्य से छज्जा गिरने के दौरान से कोई हादसा घटित नहीं हुआ जिससे किसी को शारीरिक नुकसान नहीं हुआ, हालांकि छज्जा गिरने से सड़क पर मलबा फैल गया और कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा. घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में पुराने और जर्जर मकानों को लेकर चिंता गहराने लगी है.लोगों ने नगर पालिका और प्रशासन से मांग की है कि शहर में ऐसे पुराने जर्जर भवनों की जांच कराई जाए और कमजोर छज्जों व ढांचों की समय रहते मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन व्यस्त गली में दोपहर के समय हुई यह घटना प्रशासन और मकान मालिकों के लिए एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है.

# जुए पर सांची पुलिस का शिकंजा, लुक-छिपकर खेलने वाले भी नहीं बचे

**गुलगांव रोड पर दबिश, 9 आरोपी गिरफ्तार, 13 जुआ एक्ट में मामला दर्ज**



नवभारत न्यूज

**सांची 5 जनवरी, जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में अवैध जुआ एवं सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है. इसके पहले भी पुलिस ने अपनी सख्त कार्यवाही करते हुए नगर से पूरी तरह जुए सट्टे पर लगाम कस दी थी परन्तु कुछ जुआरियों ने पुलिस से बचते हुए सूने क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को अंजाम देना शुरू कर दिया था.परन्तु पुलिस की नजर से बच नहीं सकें.**

इसी क्रम में 4 जनवरी की रात्रि को सांची के गुलगांव रोड क्षेत्र में जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई.पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी के निर्देशन में थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने मौके पर दबिश दी. कार्रवाई के दौरान लुक-छिपकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे 9 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया.पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है.मौके से कुल 38,560 रुपये नकद जुए की रकम के रूप में जब्त की गई.पुलिस की अपील है कि सांची पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध गतिविधियों से दूर रहें.जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा.सांची पुलिस की सख्ती ने साफ कर दिया है कि अवैध जुए के लिए अब कोई जगह नहीं है.

## इकरा कॉलोनी में विकास कार्य कराने की मांग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** वार्ड एक के रहवासियों ने पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर वार्ड की समस्याओं से अवगत कराते हुए इकरा कॉलोनी में विकास कार्य कराने की मांग को लेकर आवेदन दिया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि इकरा कॉलोनी में पिछले 25 वर्षों से लगभग 100 परिवार निवास कर रहे हैं. इन निवासियों के मकानों के नामांतरण नगरपालिका की नामांतरण सूची में दर्ज है. जो नपा के करो का भुगतान करते आ रहे हैं. नपा द्वारा पूर्व में इस कालोनी में पानी की लाइन डाल कर परिवारों को नल कनेक्शन दिए गए एवं स्ट्रीट लाइट भी लगवाई गई है. पूर्व में कई रोड इस कॉलोनी में नपा द्वारा बनाए गए हैं. लेकिन वर्तमान में नपा कोई भी विकास कार्य इस कॉलोनी में नहीं किये जा रहे है. इस कॉलोनी में निवासरत महिलाएं, बच्चे एवं खासकर बुजुर्ग लोग बरसात के दिनों में कीचड़ एवं नाली निकास न होने की वजह से अत्यधिक परेशान रहते हैं. उन्होंने समस्या का समाधान कर संबंधित नगर पालिका को कॉलोनी में विकास कार्य कराये जाने की अनुमति देने की मांग की. जिससे कॉलोनी के रहवासियों का यातायात सुगम बन सके. इस दौरान सरवर खान, इल्यास खान, बादशाह, रामचरण कुशवाह आदि मौजूद रहे.



## 121 कुंडीय महायज्ञ को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** श्री महामाई माता मंदिर डांगवाली के दरबार में श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ की तैयारी के संबंध में क्षत्रिय बघेल राजपूत समाज की बैठक हुई. जिसमें पं. नलिनीकांत शर्मा ने इस 121 कुंडीय महायज्ञ की तैयारी के संबंध में उपस्थित समाजजनों से विचार-विमर्श कर आगामी रूपरेखा तैयार की. इस महायज्ञ का शुभारंभ श्री महामाई माता डांगवाली के दरबार में 7 मई को जलयात्रा के साथ होगा. 8 मई को श्री देवी पूजन, अग्नि स्थापना एवं यज्ञ प्रारंभ होगा. महायज्ञ की पूर्णाहूति 15 मई को होगी. बैठक में जीवन सिंह, सुमेर सिंह, लक्ष्मण सिंह, जितेन्द्र, रामकुँवर, प्रेमसिंह के साथ ही बड़ी संख्या में क्षत्रिय बघेल राजपूत समाज के लोग उपस्थित थे.

# पुलिस ने 6 घंटे के भीतर दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द की लड़की

नवभारत न्यूज

**हैदरगढ़,थाना हैदरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जहीदगंज मडियादरोई से एक नाबालिक लड़की के अपहरण की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन मे घटनास्थल पर पहुंचे एवं मौके की स्थिति का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने घटनाक्रम की जानकारी ली.थाना प्रभारी ब अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी बासौदा के मार्गदर्शन में थाना हैदरगढ़ पुलिस द्वारा गंभीर प्रकृति के अपराध में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई है.गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस प्रकरण में कुल 1 आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया है.प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जा रही है.तकनीकी एवं मैदानी जांच से हुआ त्वरित खुलासा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष पुलिस पार्टी का गठन कर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर रवाना किया गया. तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र एवं मैदानी जांच के समन्वय से आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर उन्हें अभिरक्षा में लिया गया.गिरफ्तार आरोपीगण सौरव आदिवासी पिता रतनलाल आदिवासी उम्र 20 साल निवासी ग्राम अमरपुर इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रोहित कुमार कौरव सउनि घनश्याम शास्ता सउनि अनूप यादव प्रधान आरक्षक 744 विजय गुप्ता प्रधान आरक्षक 251 केवल कुमार आरक्षक 857 रतीराम की भूमिका रही.

# हथोड़ा में विशाल हिंदू सम्मेलन आज, मिलेगा एकता-समरसता का संदेश

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, समीपस्थ ग्राम हथोड़ा में मंगलवार 6 जनवरी को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा.सम्मेलन का आयोजन खेड़ापति मंदिर परिसर में होगा.आयोजन को लेकर हथोड़ा सहित आसपास के गांवों में खासा उत्साह देखा जा रहा है.**सम्मेलन में गंज हनुमान मंदिर के महंत पूज्य संत श्री महेश्वर दास त्यागी जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे. वे अपने उद्बोधन में सनातन धर्म की मूल परंपराओं, हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखेंगे.आयोजकों के अनुसार सम्मेलन से पूर्व दोपहर 11 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न गांवों से प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे हथोड़ा पहुंचेगी.शोभायात्रा में हथोड़ा, रबरवाई, राऊखेड़ी, भडेरू, सिरावदा, कंजना, विस्कावली, जुगआई चक्क, बुचाखेड़ी, ड्रीम सिटी, विजय नगर और पलोड़ नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल होंगे. दोपहर 12 से 2 बजे तक काव्य पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.इसमें कवि और कलाकार धर्म, संस्कृति और राष्ट्रबोध से जुड़ी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे. आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समाज में वैचारिक जागरण करना है. काव्य पाठ के पश्चात महंत श्री महेश्वर दास त्यागी जी का उद्बोधन होगा.इसके बाद समरसता भंडारे का आयोजन किया जाएगा.

# प्रशासनिक पदों के अधिकारी युवाओं को देंगे मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,रघुवंशी समाज द्वारा समाज सुधार और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है.विदिशा जिले में पहली बार आयोजित होने जा रहे युवक-युवती परिचय सम्मेलन में जिले की सभी तहसीलों से विवाह योग्य युवक-युवतियों का मंच से परिचय कराया जाएगा.**

सम्मेलन की विशेषता यह रहेगी कि परिचय के साथ-साथ करियर मार्गदर्शन कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत समाज के वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे हुए युवाओं को अपने अनुभव साझा कर मार्गदर्शन देंगे. रघुवंशी समाज द्वारा आयोजित होने जा रहा यह आयोजन समाज में आदर्श विवाह पद्धति और युवाओं के सुनियोजित भविष्य निर्माण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल के रूप में देखा जा रहा है. यह सम्मेलन 1 फरवरी 2026, रविवार को रघुवंशी समाज धर्मशाला, बस स्टैंड के पास, विदिशा में आयोजित होगा। सम्मेलन में जिले भर से 1000 स्वजातीय बंधुओं को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है.परिचय सम्मेलन के लिए आवेदन फॉर्म जिले की सभी तहसीलों में वितरित किए जा चुके हैं.इच्छुक विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिवार 20 जनवरी तक निर्धारित केंद्रों पर फॉर्म जमा कर परिचय सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं.

## श्रीराम कथा के मंच से मानव सेवा का संदेश, नागटोरिया बालाजी धाम में लगा रक्तदान शिविर



नवभारत न्यूज

**पठारी,** तहसील मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर बालाजी धाम नागटोरिया दुघावरी में चल रही श्रीराम कथा के दौरान एक सराहनीय और प्रेरक पहल सामने आई है. कथा आयोजन समिति एवं आसपास के क्षेत्र के युवाओं ने मिलकर विदिशा माधवराव सिंधिया जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया. धार्मिक वातावरण में आयोजित इस शिविर में 50 से अधिक युवाओं, महिलाओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया.श्रीराम कथा के मंच से समाज को सेवा, त्याग और परोपकार की सीख मिलती है और इसी भाव को चरितार्थ करते हुए समिति ने यह निर्णय लिया कि कथा के साथ-साथ समाज हित में एक ठोस कार्य किया जाए. शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं.युवाओं के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की, जिससे आयोजन और भी प्रेरणादायी बन गया.शिविर में भैंसवाय के पूर्व सरपंच राघवेंद्र सिंह दांगी ने अपनी पत्नी के साथ 35वीं बार रक्तदान कर सभी के लिए मिसाल पेश की.उनके इस सेवा भाव की क्षेत्र में सराहना की जा रही है. वहीं ओम शर्मा भर्री, मनोहर सिंह ठाकुर कोंसी, रणधीर सिंह दांगी, भूपेंद्र सिंह दांगी जरतौली, राजाभाई दांगी, वरुण दांगी, कपिल विश्वकर्मा, आदर्श ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, गजेंद्र सिंह रघुवंशी सहित अनेक युवाओं ने भी रक्तदान कर आयोजन को सफल बनाया.



**नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में**

**आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्धेश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक करबा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।**

## महाबोधि सोसायटी में मना मुख्य बिहाराधिपति का जन्मदिन

नवभारत न्यूज

**सांची,** महाबोधि सोसायटी सांची मे आज महाबोधि सोसायटी के बिहाराधिपति पूज्य वानगल उपतिस्स नायक थैरो का 76 वां जन्मदिन कडाके की ठंड दूर करने काढा वितरित किया. इसके साथ ही गरीबों में कंबल बाटे गए तथा खाद्य सामग्री वितरण कर मनाया गया.जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी श्री थैरो को फोन पर बधाई दी है एवं उनके दीर्घायु की कामना की ।तथा इस कडाके की ठंड से बचने उपाय सुझाये गये.इस अवसर पर उपस्थित सांची सोसायटी प्रभारी वानगल विमलतिस्स नायक थैरो सहित अन्य बौद्ध भिक्षु भी उपस्थित रहे.

# मरीजों की सुविधाओं पर ध्यान देगी रोगी कल्याण समिति

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरवाई की रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक विधायक हरिसिंह सप्रे की अध्यक्षता में संपन्न हुई. विधायक हरिसिंह सप्रे तथा एसडीएम मनीष जैन ने अन्य सदस्यों के साथ अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया.उन्होंने साफ-सफाई एवं मरीजों को मिल रही सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए.बैठक में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद दीवान ने एजेंडा प्रस्तुत किया. बैठक में



तीमारदारों के ठहरने के पूर्व से रहे स्थान को अतिक्रमण मुक्त कर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पारित किया गया. साथ ही अस्पताल परिसर में स्थित दुकानों के किराया अनुबंध की शर्तों का पालन न करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी करने, भविष्य में नियमित रूप से किराया जमा कराने एवं किराया वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया गया.रोगी कल्याण समिति से रोगियों के कल्याण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

## त्योंदा में आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** त्योंदा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 5000 लोगों ने भाग लिया. इस सम्मेलन में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया और हिंदू धर्म की रक्षा और संस्कृति के प्रसार के लिए विचार-विमर्श किया.सम्मेलन का आयोजन त्योंदा के एक बड़े मैदान में किया गया था, जहां लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी.सम्मेलन की शुरुआत हिंदू धर्म के प्रमुख नेताओं के उद्बोधन से हुई, जिन्होंने हिंदू समाज को एकजुट होकर अपने धर्म की रक्षा करने का आह्वान किया.सम्मेलन में हिंदू धर्म के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें हिंदू संस्कृति, धर्म, और परंपराओं का महत्व शामिल था.वक्ताओं ने हिंदू समाज को अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक रहने और उसका पालन करने का आह्वान किया.

## गौ सेवकों ने गुड़ के लड्डू बनाकर खिलाये

नवभारत न्यूज

**हैदरगढ़,** कस्बा हैदरगढ़ में शीतलहर ने नगर को अपनी आगोश में ले रखा जिससे तापमान पूरी तरह गिर गया.लगातार बढ़ती ठंड ने जनजीवन की रफ्तार धीमी कर दी है हैदरगढ़ के स्थानीय गौ सेवकों ने सर्दी के बढ़ते तापमान को देखते हुए गायों के लिए गुड अजवायन से लड्डू बनाए गए इन लड्डुओं को गांव में गायों को खिलाया जाएगा.



नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर,** राजेश तिवारी वन विभाग ग्यारसपुर में स्थाई कर्मचारी थे.उन्होंने ग्यारसपुर वन विभाग में 40 वर्ष तक सेवाएं दी. 31 दिसंबर 2025 को सेवा निवृत्त होने पर उनका विदाई कार्यक्रम संपन्न हुआ.

# सिरोंज वस्त्र व्यापार संघ के चुनाव में हुआ मतदान

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, वस्त्र व्यापार संघ सिरोंज की 11 सदस्यीय कार्यकारिणी एवं 4 महासंघ प्रतिनिधियों हेतु निर्वाचन प्रकिया निर्वाचन अधिकारी रीतेश अग्रवाल अभिभाषक के निर्देशन में रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर भूतेश्वर पथ सिरोंज में संपन्न हुई.**



30 दिसंबर को महासंघ प्रतिनिधि हेतु पांच अभ्यर्थियों अर्पित मित्तल, मुकेश कुमार गोयल, मुरारी बंसल, सुमंत मित्तल, विष्णु बाबू गर्ग ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये एवं वस्त्र व्यापार संघ की कार्यकारिणी हेतु 16 अभ्यर्थियों अजीत कुमार हिमथानी, अनुपम अग्रवाल, हर्षित मंगल, हेमंत गोयल, कृष्ण गोपाल बिंदल, कृष्ण गोपाल गर्ग, नीलेश मंगल, निमिष मंगल, प्रकाश बाबू बंसल, शरद मंगल, सुलभ गर्ग, विकास गर्ग, विष्णु मंगल, पलक गर्ग, राहुल मंगल, मुरारी बंसल ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये. जबकि वस्त्र व्यापार संघ की कार्यकारिणी हेतु पलक गर्ग, राहुल मंगल, मुरारी बंसल ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए. जिससे वस्त्र व्यापार संघ की कार्यकारिणी हेतु 13 अभ्यर्थीयों शेष रहे. रविवार को हुए मतदान में कुल 178 मतदाताओं में से 164 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. जिसमें से 10 मत डाक मतपत्र द्वारा प्राप्त हुए. मतगणना पश्चात् महासंघ प्रतिनिधि हेतु अर्पित मितल को 128 मत, मुकेश कुमार गोयल को 120 मत, मुरारी बंसल को 47 मत, सुमंत मित्तल को 137 मत एवं विष्णु बाबू गर्ग को 120 मत, प्राप्त हुए. इस प्रकार अर्पित मितल, मुकेश कुमार गोयल, सुमंत मित्तल, विष्णुबाबू गर्ग को विजयी घोषित किया गया. एवं वस्त्र व्यापार संघ की कार्यकारिणी हेतु संपन्न हुए चुनाव में मतगणना पश्चात अजीत कुमार हिमथानी को 93 मत, अनुपम अग्रवाल को 91 मत, हर्षित मंगल को 89 मत, हेमंत गोयल को 90 मत, कृष्ण गोपाल बिंदल को 100 मत, कृष्ण गोपाल गर्ग को 109 मत, नीलेश मंगल को 111 मत, निमिष मंगल को 100 मत, प्रकाश बाबू बंसल को 110 मत, शरद मंगल को 104 मत, सुलभ गर्ग को 108 मत, विकास गर्ग को सर्वाधिक 134 मत एवं विष्णु मंगल को 104 मत प्राप्त हुए. इस प्रकार अजीत कुमार हिमथानी, अनुपम अग्रवाल, कृष्ण गोपाल बिंदल, कृष्ण गोपाल गर्ग, नीलेश मंगल, निमिष मंगल, प्रकाश बाबू बंसल, शरद मंगल, सुलभ गर्ग, विकास गर्ग, विष्णु मंगल को विजयी घोषित किया गया.

**आयोजन** | **अयोध्या के बाद अब चित्रकूट में गूंजेगा भरत चरित्र, 19 से फरवरी तक नौ दिवसीय कथा**

# 28 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा, यज्ञ की पूर्णाहुति व संत भंडारा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,आस्था, त्याग और भक्ति की त्रिवेणी के रूप में भरत चरित्र कथा गंजबासौदा से चित्रकूट की धरती पर रामभक्ति का नया अध्याय रचने जा रही है. भगवान श्रीराम की मर्यादा और भरत की अनुपम भक्ति को केंद्र में रखकर चित्रकूट धाम में नौ दिवसीय 'भरत चरित्र' रामकथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है.कथा का शुभारंभ 19 फरवरी से होगा, जो 27 फरवरी तक चलेगी, जबकि 28 फरवरी को यज्ञ, प्राण-प्रतिष्ठा की पूर्णाहुति, संतों का भंडारा एवं विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा.**

यह दिव्य आयोजन सनकादिक आश्रम, द्वितीय मुखारविंद, चित्रकूट धाम में संपन्न होगा.नौलखी के पूज्य श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज के श्रीमुख से भरत चरित्र की कथा का रसपान श्रद्धालु करेंगे. मालूम हो कि अयोध्या में रामकथा के पश्चात अब चित्रकूट की पुण्यभूमि पर भरत की त्यागमयी कथा का संकल्प लिया गया है। स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में कथा की तैयारियों के संबंध में आयोजित हुई बैठक में, 60 से अधिक कथा प्रेमियों ने पंजीयन करते हुए अपना उत्साह दिखाया है.कथा को लेकर नौलखी में आयोजित पहली बैठक में भारी उत्साह देखने को मिला. बैठक में कथा प्रेमियों ने एकजुटता दिखाते हुए 60 से अधिक श्रद्धालुओं ने चित्रकूट धाम के लिए अपना पंजीयन कराया है.बैठक के दौरान आयोजन को लेकर भक्तों में गहरी आस्था और उत्साह देखने मिला है. आयोजन समिति के नागेंद्र उपाध्याय ने बताया कि चित्रकूट में कथा के साथ साथ पंचकुंडीय प्राण प्रतिष्ठा सीताराम यज्ञ होने जा रहा है. कथा एवं यज्ञ के लिए निर्धारित राशि में भोजन-आवास व संत भंडारे की व्यवस्था कथा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित सहयोग राशि रखी गई है. इस राशि में कथा अवधि के दौरान भोजन व्यवस्था, आवास व्यवस्था, संतों का भंडारा एवं विदाई शामिल रहेगी. श्रद्धालुओं को एक आवास में चार व्यक्तियों के लिए स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सर्व-सुविधायुक्त कमरे उपलब्ध कराए जाएंगे. आवास एवं पूजन की संपूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी.चित्रकूट धाम आने-जाने का रिजर्वेशन श्रद्धालुओं को स्वयं कराना होगा.आयोजन से संबंधित जानकारी एवं पंजीयन के लिए त्योंदा रोड स्थित विजय साइकिल स्टोर्स, विकास मिश्रा, रघुवीर सिंह रघुवंशी, कालापाठा एवं नौलखी मंदिर से संपर्क कर संबंधित जिम्मेदार व्यवस्थापक से जानकारी प्राप्त की जा सकती है.

## शीतलहर के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में परिवर्तन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिले में शीतलहर एवं न्यूनतम तापमान में आई गिरावट के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों के हितग्राहियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए मध्य प्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है.कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन समय 15 जनवरी तक प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिससे छोटे बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को ठंड से सुरक्षित रखा जा सके.साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगी तथा शासन द्वारा निर्धारित समस्त गतिविधियां यथावत संपादित करेंगी.